# जीवन के पहलुओं को किया उजागर

संस, जागरण • बिरौल : जेके कालेज के सभागार में मंगलवार को साहित्य अकादेमी नई दिल्ली व जनता कोशी महाविद्यालय बिरौल के संयुक्त तत्वावधान में मैथिली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शशिबोध मिश्र 'शशि' ने की। कवि दिलीप कुमार झा ने अपनी कविता मन के तरंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि कुमार राहुल ने जीवन की यात्रा ने जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया। सुशान्त सिंह ने कविता प्रेम की पीड़ा ने प्रेम की गहराई को दर्शाया। भास्कर ज्योति कविता "नारी शक्ति" नारी की महत्ता को उजागर किया। अब्दुल कादिर साकी कविता "मिट्टी की महक" ने प्रकृति की सुंदरता को दर्शाया। वही दूसरे सत्र की अध्यक्षता सुस्मिता पाठक ने की। इस सत्र में कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। जिसमें मेनका मल्लिक ने अपनी कविता सपनों की दुनिया ने श्रोताओं को एक नई दुनिया में ले जाकर खड़ा कर दिया। नन्दिनी झा कविता "मां की ममता" मां के प्रेम को दर्शाया। ज्योति मिश्रा कविता आशा की किरण श्रोताओं को आशावादी बनाया।

वहीं, इस दौरान जेके कालेज के सहायक प्राध्यापक डा. राजकुमार प्रसाद की लिखी हुई पुस्तक केदारनाथ चौधरी का कृति दिग्दर्शन पुस्तक का कवियों ने विमोचन किया।



मैथिली कवि सम्मेलन में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि • जागरण